आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 253 | उज्जैन, शनिवार 02 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर में 2 अगस्त को 4 औद्योगिक इकाइयों का करेंगे भूमि-पूजन

## सीहोर जिले में होगा लगभग 1440 करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अगस्त शनिवार को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।



### 4 औद्योगिक इकाइयों का होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 1406 करोड़ रूपये का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जिन औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन होगा उनमें वान्यावेदा ग्रीन्स जो (झिलेला) सीहोर में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 115 करोड़ रुपये के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 400 करोड़ रुपए के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई स्थापित होगी, जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा) सीहोर में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपए के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी, जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुए के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### 6 औद्योगिक इकाइयों को वितरित होंगे आशय पत्र

मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में 6 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## गोवा में समुद्र तटों के पास कांच की शराब की बोतलों पर लगेगा प्रतिबंध, सरकार इस कारण लेने जा रही बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार को विधानसभा को बताया कि राज्य सरकार समुद्र तटों के पास कांच की शराब की बोतलों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और उनकी जगह कैन लगाने पर विचार कर रही है।

सरकार का मानना है कि टूटे हुए कांच के टुकड़ों से पर्यटकों के घायल होने की आशंका है। इस कारण समुद्र तटों के पास कांच की शराब की बोतलों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

कांच की बोतलों की जगह आएगी कैन- वह भाजपा विधायक माइकल लोबो द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिन्होंने शिकायत की थी कि समुद्र तटों पर कांच की बोतलों के टूटे हुए टुकड़ों के कारण पर्यटक घायल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समुद्र तटों के पास स्थित शराब की दुकानों के माध्यम से कांच की शराब की बोतलों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और उनकी जगह कैन की बोतलें लाने पर विचार कर रही है।

पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने सदन को बताया कि मौजूदा कानून में समुद्र तटों पर कूड़ा फेंकने वालों पर 5,000 रुपये से 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मौजूदा कानून के तहत कूड़ा फेंकना उपद्रव की श्रेणी में आता है।

## मालेगांव ब्लास्ट केसः बयानों से पलटे 39 गवाह, तो NIA कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। मालेगांव बम धमाका केस में सभी सात आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। इस केस में बीते कुछ वर्षों में कई गवाह अपने पहले दिए बयानों से पलट गए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस और ATS ने उन पर दबाव डालकर बयान दिलवाए थे।

अदालत ने सातों आरोपियों को बरी करने के फैसले के पीछे सबूतों में भारी विरोधाभास और गवाहों द्वारा बदली गई गवाही को कारण बताया है। बता दें, इस केस में कुल 39 गवाह अपने बयान से पलट गए थे।

गवाहों ने पुराने बयानों को बताया गलत- इन गवाहों ने पुलिस को एटीएस को पहले दिए बयानों में आरोपियों को दोषी ठहराया था, लेकिन अब अदालत में उन्होंने कहा कि उनके बयान दबाव में लिए गए थे और उन्होंने ऐसा कहा ही नहीं था। 2021 से अब तक जब ये गवाह NIA की विशेष अदालत में पेश हुए तब उन्होंने पुलिस को दिए अपने पुराने बयानों को गलत बताया। कई गवाहों ने यहां तक कहा कि एटीएस ने उनके बयान गढ़े थे।

## कर्नल बी. संतोष बाबूः वो नायक जिसके हौसले के आगे पस्त हो गया चीन, गलवान घाटी में लिख दी वीरता की इबारत





नई दिल्ली (एजेंसी)। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय जवान और चीनी सैनिकों के बीच जो हुआ वह सिर्फ सैन्य टकराव नहीं था, बल्कि यह वह पल था जब भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि उसकी चुप्पी उसकी कमजोरी नहीं संयम है।

यह कहानी है कर्नल बी. संतोष बाबू की, जिन्होंने निहत्थे होकर भी देश की गरिमा की रक्षा की और एक मिसाल बन गए। यह उस क्षण का चित्रण है जब भारत ने शांति को चुना, लेकिन आत्म-सम्मान की कीमत पर नहीं।

कहां से ताल्लुक रखते थे कर्नल संतोष बाबू- तेलंगाना के सूर्यापेट में जन्मे कर्नल संतोष बाबू का बचपन सादगी से भरा था। वे एक शांत और अनुशासित बच्चे थे और उनकी आंखों में बचपन से ही एक स्पष्ट सपना था देश की सेवा करना।

देश की सीमाओं की रक्षा का सपना लिए कर्नल संतोष बाबू ने भारतीय सेना में शामिल होने की ठानी। साल 2004 में उन्होंने 16 बिहार रेजिमेंट में कमिशन पाया और सेना में अपनी सेवाएं शुरू की। उनके साथी जवानों के अनुसार, वह हमेशा एक शांत लेकिन मजबूत नेतृत्वकर्ता रहे।

गलवान क्यों है खास- गलवान घाटी सिर्फ एक खूबसूरत इलाका नहीं, बल्कि बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह इलाका और भी संवेदनशील हो गया। यहां भारत ने दर्बुक-श्योक-डौलत बेग ओल्डी सड़क का निर्माण किया, जो उत्तर के अंतिम एयरबेस तक पहुंचती है।

## हिंदू आतंकवाद की परिभाषा देने वाले दिग्विजय सिंह का यू-टर्न, बेटे की खातिर भगवा आतंक से इनकार




नई दिल्ली (एजेंसी)। मालेगांव बम धमाके में फैसले के बाद सबसे चौंकाने वाला बयान वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का आया है। उन्होंने हिंदू आतंकवाद या भगवा आतंक जैसे शब्दों के उपयोग से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई शब्द कभी उपयोग नहीं किया और न ही इस शब्द को कांग्रेस ने गढ़ा है।

आतंकवाद, आतंकवाद ही होता है, उसका कोई धर्म नहीं होता- उनके विधायक बेटे जयवर्धन सिंह ने भी बयान दिया है कि आतंकवाद, आतंकवाद ही होता है, उसका कोई धर्म नहीं होता। पिता-पुत्र के इन बयानों को लेकर कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह लंबे समय तक हिंदू आतंकवाद को लेकर भाजपा के निशाने पर रहे हैं, लेकिन उन्होंने पहले कभी भी इस शब्द के उपयोग को लेकर इनकार नहीं किया। अब जबकि जयवर्धन ने कांग्रेस पार्टी से अलग साफ्ट हिंदुत्व की लाइन पर आतंकवाद को धर्म से जोड़ने से मना कर दिया है, तो दिग्विजय उनके साथ दिखाई पड़ रहे हैं।

हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंक से साफ किया इनकार- दिग्विजय सिंह अपने बेटे के राजनीतिक भविष्य के लिए किसी भी तरह का कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, ऐसे में माना जा रहा है कि हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंक पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से यू टर्न ले लिया है। बीते कुछ वर्षों में युवाओं में सनातन धर्म को लेकर बढ़े आकर्षण को देखते हुए जयवर्धन ऐसा कोई बयान नहीं देना चाह रहे होंगे।

## एअर न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे भारतीय मूल के निखिल रविशंकर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मूल के निखिल रविशंकर लगभग पांच साल तक एअर न्यूजीलैंड से जुड़े रहने के बाद इस साल अक्टूबर से कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभालने वाले हैं। संयोग से, एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैम्पबेल विल्सन न्यूजीलैंड से हैं।

एअर न्यूजीलैंड ने बुधवार को बयान में कहा कि इस समय एयरलाइन के मुख्य डिजिटल अधिकारी, निखिल 20 अक्टूबर, 2025 को आधिकारिक तौर पर सीईओ का पदभार ग्रहण करेंगे।

# तो ये है टैरिफ के पीछे की असल वजह... अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने बताया क्यों भारत पर भड़के हैं ट्रंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि भारत रूस पर प्रतिबंध के बावजूद उससे तेल खरीद रहा है और इससे मिलने वाले धन का इस्तेमाल रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने में कर रहा है। जाहिर तौर पर ट्रंप भारत पर ट्रेड डील में दबाव बनाने के लिए टैरिफ का कार्ड खेल रहे हैं।

वहीं अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले को खीझ का विषय बताया है। हालांकि रूबियो ने ये भी कहा कि यह भारत के साथ हमारे संबंधों में चिढ़ का एक बिंदु है, लेकिन एकमात्र बिंदु नहीं है। रूबियो का ये बयान भारत और अमेरिका के रिश्तों को लेकर बेहद अहम माना जा रहा है।



भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत ज्यादा- फॉक्स रेडियो से बातचीत में मार्को रोबियो ने माना की रूस से तेल खरीदना भारत की जरूरत है, क्योंकि वह उसे सस्ता मिलता है। उन्होंने कहा, %भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत ज्यादा हैं। इस कारण तेल, कोयला, गैस और अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने वाली जरूरी चीजें खरीदना जरूरी है। हर देश ऐसा ही करता है। भारत रूस से तेल खरीदता है, क्योंकि प्रतिबंध की वजह से यह सस्ता है।%

रूबियो ने कहा कि %भारत को ऐसा करना ही पड़ता है। लेकिन दुर्भाग्य से रूस इसका इस्तेमाल युद्ध प्रयासों को जारी रखने में कर रहा है। निश्चित रूप से यह भारत के साथ हमारे संबंधों में चिढ़ का एक विषय है, लेकिन चिढ़ का एकमात्र बिंदु नहीं है। रूबियो ने स्पष्ट किया कि इसके पीछे कई अन्य वजहें भी हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत एक सहयोगी है। यह हमारा रणनीतिक साझेदार है। लेकिन विदेश नीति में आप किसी भी विषय पर 100 फीसदी एकमत नहीं हो सकते हैं। ट्रंप का जिक्र करते हुए रूबियो ने कहा कि आप राष्ट्रपति को जो करते हुए देख रहे हैं, वह इस कारण है कि इतने सारे तेल विक्रेता होने के बावजूद भारत रूस से खरीद रहा है।

# चारों तरफ तबाही का मंजर, रूसी हमलों से दहला यूक्रेन; 14 लोगों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। साढ़े तीन वर्ष से जारी यूक्रेन युद्ध में रूस ने बुधवार-गुरुवार की रात कीव पर बड़ा हमला किया। इस हमले में 14 लोग मारे गए और 146 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में छह वर्ष का एक बच्चा भी शामिल है।

युद्ध में किसी एक रात में कीव पर रूसी हमले में हताहतों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इस बीच रूस ने पूर्वी यूक्रेन के शहर चासिव यार पर कब्जे का दावा किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, हमने शहर को आजाद करवा लिया है।

कीव में 27 स्थानों को बनाया गया निशाना - रूस ने 309 ड्रोन और आठ मिसाइलों से राजधानी कीव के आवासीय भवनों, स्कूलों, अस्पतालों समेत 27 स्थानों को निशाना बनाया है। इसके चलते कई स्थानों पर आग लग गई जिसे घंटों बाद तक नहीं बुझाया जा सका।


हमले से बर्बाद हुए भवनों के मलबे से लोगों को निकालने का काम जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि विश्व ने एक बार फिर देखा कि रूस किस तरह से अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन की शांति की इच्छा पर कुठाराघात कर रहा है। शक्ति के बिना शांति असंभव है। इसलिए सहयोगी देश और विश्व हमारी मदद करें। कीव के मेयर विटाली क्लित्सच्को ने बताया है कि घायलों में 11 बच्चे हैं। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के 288 ड्रोन और तीन क्रूज मिसाइलों को आकाश में ही नष्ट कर दिया।

16 महीने की लड़ाई के बाद रूस ने चासिव यार पर किया कब्जा- करीब 16 महीने की लड़ाई के बाद रूस ने गुरुवार को पूर्वी यूक्रेन के शहर चासिव यार पर कब्जे का दावा किया। इसके बाद रूसी सेना का यूक्रेनी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता खुल गया है। इसी के साथ रूसी सेना ने चासिव यार के दक्षिण-पश्चिम में स्थित पोक्रोव्स्क शहर पर दबाव बढ़ा दिया है।

साथ ही नजदीकी शहरों पर भी खतरा बढ़ गया है। विदित हो कि चासिव यार का इलाका दुष्कर भौगोलिक स्थितियों वाला है। यहां पर किसी भी सेना के लिए प्रतिरोध का सामना करते हुए आगे बढ़ना बहुत मुश्किल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध की समाप्ति के लिए आठ अगस्त तक रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता चाहते हैं। इसके लिए रूस और यूक्रेन तत्काल वार्ता करें और स्थायी शांति के लिए समझौता करें।

अगर आठ अगस्त तक समझौता नहीं हुआ तो उसके बाद अमेरिका यूक्रेन में शांति कायम करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। यह बात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक जान केली ने कही है।

# नया प्लान बना रहे जेलेंस्की, हर रोज 1 हजार इंटरसेप्टर ड्रोन बनाएगा यूक्रेन; रूस के अटैक को रोकने में कितने सक्षम?



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के ड्रोन हमले काफी तीव्र होते जा रहे हैं। रूस के इन तीव्र हमलों को यूक्रेन के पारंपरिक ड्रोन सिस्टम रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

इन सब के बीच यूक्रेन ने एक बड़ा फैसला लिया है। यूक्रेन अब हर दिन 1000 से अधिक इंटरसेप्टर ड्रोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। रूस से जारी इस भीषण युद्ध के बीच यूक्रेन की ये नई नीति कारगर साबित हो सकती है।

कैसे काम करते हैं इंटरसेप्टर ड्रोन- ये आधुनिक प्रकार के ड्रोन होते हैं, जो दुश्मन ड्रोन से टकरा कर उसे हवा में ही खत्म कर देते हैं। अपनी इस नीति पर अगर यूक्रेन सफल होता है तो कहीं ना कहीं वह रूसी हमलों से निपटने में सक्षम हो जाएगा।

जानकार बताते हैं कि ये ड्रोन करीब 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम होते हैं। इतना ही नहीं वे दुश्मन के ड्रोन को सीधा टक्कर मार कर के विस्फोट करते हैं।

कितने असरदार साबित होंगे ये ड्रोन- एक रिपोर्ट में बताया गया कि इंटरसेप्टर ड्रोन की सफलता 70 प्रतिशत होती है। ये पुराने गेरान ड्रोनों के मुकाबले काफी कारगर साबित होते हैं। अगर ड्रोन बनाने में सफलता मिल जाती है को यूक्रेन के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

रूस के स्वार्म अटैक को रोकने में कारगर नहीं- जानकार बताते हैं कि ये इंटरसेप्टर ड्रोन रूस के स्वार्म अटैक को रोकने में पूरी तरीके से सक्षम नहीं हैं। बताया जाता है कि ये ड्रोन कम दूरी की रक्षा के लिए स्काई सेंटिनल व स्काइनेक्स जैसी गनों की भी जरूरत है। हालांकि, इस प्रकार का सिस्टम न आने के तक इंटरसेप्टर एक तरीके से कारगर साबित हो सकते हैं।

## भारत समेत सभी देशों पर टला ट्रंप का टैरिफ वार, PAK पर कर दी बड़ी मेहरबानी





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में भारत पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का एलान किया है। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने दर्जनों देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 41 प्रतिशत तक के नए रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान पर खास प्रेम दिखाया है।

टैरिफ लगाने की अंतिम तिथि 1 अगस्त थी, लेकिन नए शुल्क 7 अगस्त से लागू होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस एलान के बाद भारत पर भी इसका गहरा असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, भारत ने साफ कहा है कि राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

ट्रंप ने भारत पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। वहीं, 70 के करीब देशों पर भी ट्रंप ने भारी टैरिफ थोपा है। ताइवान पर 20 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि, पाकिस्तान को थोड़ी रहम दिखाते हुए केवल 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप का ये फैसला वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

## अचानक टूट गया 360 डिग्री झूला, खुशियों के बीच मच गई चीख पुकार; अब शुरू हुई जांच



नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब के ताइफ शहर में स्थित एक मनोरंजन पार्क में बड़ा हादसा हुआ है। पार्क में लगे एक 360 डिग्री घूमने वाला झूला अचानक टूट गया। इस हादसे में 23 लोगों के घायल होने की खबर है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो लोगों को डरा रहा है।

लोग बैठे थे और टूट गया झूला रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना 31 जुलाई की है। बताया जाता है कि पार्क में लोग मनोरंजन कर रहे थे, कुछ लोग 360 डिग्री वाले झूले पर झूल रहे थे, इसकी समय झूला बीच में से ही टूट गया। झूले का दोनों हिस्सा जमीन पर आ गिरा। इस हादसे में 23 लोगों की जान गई है।

मामले की जांच शुरू- एक रिपोर्ट के अनुसार, घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति से झूले का खंभा पीछे की ओर मुड़ा और दूसरी ओर खड़े कुछ लोगों में जा लगा। कुछ लोग झूला गिरते समय झूले पर ही बैठे थे। इसके बाद सुरक्षा और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य में लग गई। इस मामले की जांच संबंधित अधिकारियों ने शुरू कर दी है।

## हर महीने एक युद्ध कराया खत्म, अब तो नोबल दे दो, Nobel Prize के लिए बेकरार डोनाल्ड ट्रंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराया है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष भी शामिल है।

भारत-पाकिस्तान युद्ध पर दावा करते रहे हैं ट्रंप- भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को लेकर ट्रंप ने कई मौकों पर अपना दावा दोहराया है कि उन्होंने तनाव को सुलझाने में मदद की।

इन देशों के बीच युद्ध समाप्त कराने का लिया क्रेडिट- व्हाइट हाउस प्रेस ब्रीफिंग में गुरुवार को लेविट ने कहा कि ट्रंप ने थाईलैंड और कंबोडिया, इजरायल और ईरान, रवांडा और लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, भारत और पाकिस्तान, सर्बिया और कोसोवो और मिस्त्र और इथियोपिया के बीच संघर्षों को समाप्त कराया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने छह महीने के कार्यकाल के दौरान औसतन प्रति माह लगभग एक शांति समझौता या युद्धविराम की मध्यस्थता की है। यह समय है कि राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

30 बार भारत पाकिस्तान युद्ध रोकने का दावा कर चुके हैं ट्रंप- गौरतलब है कि ट्रंप ने लगभग 30 बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सप्ताह संसद में कहा कि किसी भी देश के नेता ने भारत से आपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए नहीं कहा।

## हाथ में टैटू और साथ में गिटार, महंगी बाइक वाले पादरी वेटिकन में युवाओं को किस बात का दे रहे संदेश?



नई दिल्ली (एजेंसी)। जमाने के साथ-साथ लोग भी बदल रहे हैं और इसका ताजा उदाहरण वेटिकल में देखने को मिला, जहां कुछ पादरी बाजुओं पर टैटू, फैशनेबल ड्रेस, बाइक राइडिंग और गिटार बजाते हुए पहुंचे।

ये दृश्य एक खास सम्मेलन का था, जहां ये सारे नए जमाने के पादरी पहुंचे थे। दरअसल, धर्म से युवाओं के कम होते जुड़ाव और चर्च में उनकी कम उपस्थिति से चिंतित वेटिकल चर्च अब युवाओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहा है।


सम्मेलन में पहुंचे 1 हजार से अधिक पादरी- इसी कड़ी में वेटिकन चर्च ने एक खास सम्मेलन रखा था। इसमें 1000 से ज्यादा पादरी और मिशनरी शामिल हुए। इसमें कुछ ऐसे पादरी भी शामिल थे जो पहले से ही सोशल मीडिया पर अपने अलग अंदाज की वजह से फोलोवर्स के बीच मशहूर हैं।

सोशल मीडिया पर इन नए जमाने के पादरियों के लाखों में फोलोवर्स हैं और ये चर्च के संदेश को नए अंदाज में फैला रहे हैं। सम्मेलन में पहुंचे इटली के ब्रेशिया के फादर ग्युसेप्पे फुसारी सोशल मीडिया पर चर्च के संदेश को नए अंदाज में साझा कर रहे हैं।

बॉडी बिल्डर पादरी का बोलबाला- 58 वर्षीय फुसारी बॉडी बिल्डर हैं और सोशल मीडिया पर उनके 60 हजार से ज्यादा फोलोवर्स हैं। उनके फोलोवर्स की उम्र 25 से 55 साल के बीच है। 46 साल के फादर कोसिमो शिना को देश का सबसे का सबसे लोकप्रिय पादरी माना जाता है। सोशल मीडिया पर फादर कोसिमो के 4.5 लाख से ज्यादा फोलोवर्स हैं।

कौन हैं सबसे युवा पादरी- अपनी मुस्कान, सजी हुई दाढ़ी और पालतू डॉग के साथ 34 वर्षीय फादर अंब्रोजियो माजा चर्च के युवा चेहरे के रूप में उभर रहे हैं।

## Eye Drop को बना दिया जहर... अमेरिका में शख्स ने पत्नी को मारने का बनाया ऐसा प्लान, हर कोई रह गया दंग




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने एक शख्स ने अपनी पत्नी को जहर देकर मार दिया। जब अदालत में केस की कार्यवाही चल रही थी, तब वह सिर झुकाए खड़ा था। उसने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने का जो तरीका इस्तेमाल किया था, उसे सुनकर जूरी भी हैरान रह गई थी।

मामला अमेरिका के कोलराडो का है। यहां एक पूर्व डेंटिस्ट जेम्स क्रेग को अदालत ने अपनी पत्नी एंजेला क्रेग की हत्या के लिए पैरोल की संभावना के बिना आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जेम्स क्रेग का अपनी सहकर्मी के साथ अफेयर चल रहा था।

कई महिलाओं से था जेम्स का अफेयर मामला कुछ साल पुराना है। 47 साल के जेम्स क्रेग अपनी पत्नी एंजेला से पीछा छुड़ाना चाहता था। 23 साल की शादी के दौरान उसने कई महिलाओं से अफेयर चलाया था और आखिरकार उसने यह तय किया कि अपनी पत्नी को रास्ते से हटा देगा। इसके बाद उसने अपनी पत्नी को रोज प्रोटीन शेक में जहर मिलाकर देना शुरू किया।

लेकिन इससे भी उसका मंसूबा कामयाब नहीं हुआ। एंजेला अस्पताल में भर्ती हो गई। इसके बाद जेम्स क्रेग ने अपना आखिरी दांव खेला। उसने ऑनलाइन पोटेशियम साइनाइड मंगाया।

# 5 साल में भारत में साइबर फ्रॉड बढ़ा या घटा? मंत्री ने किया चौंकाने वाला खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में पिछले 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए हैं।

गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया है पिछले पांच साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है।

साल 2024 में कितने पैसों का हुआ साइबर फ्रॉड- गृह मंत्रालय के तहत I4C की ओर से संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपये थी। ये साल 2023 में सिर्फ 7,465.18 करोड़ रुपये थी।

सरकार के क्या की कार्रवाई- साइबर अपराधियों के खिलाफ सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा देते हुए गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक केंद्र सरकार की ओर से 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 IMEI ब्लॉक किए जा चुके हैं।

राज्य मंत्री ने कहा, बैंकों/वित्तीय संस्थानों के सहयोग से I4C द्वारा 10 सितंबर, 2024 को साइबर अपराधियों की पहचान के लिए संदिग्ध रजिस्ट्री शुरू की गई थी। अब तक बैंकों से हासिल 11 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं के डेटा और 24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भागीदार संस्थाओं के साथ साझा किया गया है और इससे 4631 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है।

## तिरुपति मंदिर में रील्स बनाने वालों पर होगा एक्शन, TTD ने लिया बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर रील बनाने का ट्रेंड इस समय लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। लोग सामान्य जगह ही नहीं, बल्कि धार्मिक स्थानों पर भी पर रील बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंदिर परिसर में सोशल मीडिया रील्स बनाने के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है।

रील बनाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई- दरअसल, हाल के दिनों में कुछ लोगों ने मंदिर परिसर में आपत्तिजनक वीडियो बनाए और उसको सोशल मीडिया पर शेयर किया। कथित तौर पर इन वीडियो ने श्रद्धाओं ने भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। इसके बाद टीटीडी अधिकारियों ने पवित्र मंदिर की पवित्रता के प्रति अनादर के रूप में निंदा की। नया आदेश जारी करते हुए कहा गया कि मंदिर परिसर में इस प्रकार का कोई भी कृत्य करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जा सकती है।

मंदिर के आध्यात्मिक महत्व का करें आदर- गौरतलब है कि टीटीडी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया कि इस तरह के कृत्य न केवल आध्यात्मिक वातावरण में अनुचित हैं।

## पुणे में आपत्तिजनक वाट्सऐप पोस्ट को लेकर दो गुटों में झड़प, बेकाबू भीड़ पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज



नई दिल्ली (एजेंसी)। पुणे के दौंड तालुका स्थित यवत इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। दरअसल एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया।

सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ आक्रोश में आकर लोगों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान दो पक्षों में टकराव हुआ और तनाव की स्थिति बन गई।

पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले- एक अधिकारी ने बताया कि पुणे की दौंड तहसील के यवत में शुक्रवार दोपहर एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के बाद पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

## 13 साल के किशोर को किया किडनैप, परिवार से मांगी 5 लाख की फिरौती; जब खुली पोल तो हर कोई रह गया दंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 13 साल के एक लड़के की जली हुई लाश एक सुनसान इलाके में मिली। यह बच्चा बुधवार शाम से लापता था और उसकी तलाश के दौरान परिवार वालों को फिरौती की कॉल भी आई थी।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें से एक परिवार का पुराना जानकार निकला। घटना बेंगलुरु के कग्गलिपुरा रोड के पास स्थित एक सुनसान जगह का है।

गुरुवार को 13 वर्षीय निश्छल की जली हुई लाश मिली है। वह क्राइस्ट स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ता था। निश्छल बुधवार शाम 5 बजे ट्यूशन जाने का बोलकर घर से निकला था, लेकिन शाम 7.30 तक घर वापस नहीं लौटने पर उसके पिता जेसी अचित ने ट्यूशन टीचर से बात की। टीचर ने बताया कि निश्छल समय पर ट्यूशन से निकल गया था। इसके बाद परिजनों ने बच्चे की तलाश शुरू की और उन्हें फिर एरेकरे फैमिली पार्क के पास निश्छल की साइकिल मिली। उसी दौरान एक अज्ञात नंबर से फोन आया और 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई।

पुलिस इनकाउंटर में घायल हुए आरोपी- इसके बाद पुलिस ने हुलेमावु थाने में गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज किया। पुलिस ने कॉल की लोकेशन ट्रैक कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया और गुरुवाप को बच्चे का शव बरामद हुआ।

इसके बाद गुरुवार रात को पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने पुलिस पर ही हमला करने की कोशिश कीष जवाब में पुलिस ने गोली चलाई, जिसमें दोनों घायल हो गए।

आरोपी गुरुमूर्ति के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि गोपाल कृष्णा को एक पैर में गोली लगी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने आत्मरक्षा में कुल छह गोलियां चलाईं। गुरुमूर्ति पहले पीड़ित के घर में ड्राइवर का काम करता था और वहीं इस मामले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

## पाकिस्तान में कच्चे तेल का भंडार या सिर्फ शिगूफा है ट्रंप का दावा? दशकों से सिर्फ क्लेम ही कर रहा पाक, खुल गई पोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वहां तेल खोज को लेकर जो दावा किया है वह शिगूफा से ज्यादा कुछ ज्यादा नहीं लगता। ट्रंप से पहले पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान, उसके पहले सैनिक शासक परवेज मुशर्रफ व सैन्य तानाशाह जिया उल हक ने भी अपने अपने कार्यकाल में पाकिस्तान में पेट्रोलियम उत्पादों के बड़े भंडार खोजने का दावा किया था लेकिन यह दावा कभी हकीकत का रूप नहीं ले सका।


यह भी आश्चर्यजनक तथ्य है कि इंटरनेशनल इनर्जी फोरम (आईईएफ) , ब्रिटिश पेट्रोलियम, ओपेक जैसे किसी एजेंसी की आज तक की एक भी रिपोर्ट में पाकिस्तान में उल्लेखनीय पेट्रोलियम भंडार की बात नहीं कही गई है।

भारत में अरबों बैरल का भंडार

दूसरी तरफ इन एजेंसियों की पिछली कई रिपोर्टों में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से भारत में अभी तक की खोजों के आधार पर यहां कच्चे तेल का 4.73 अरब बैरल और 1138.6 अरब घन मीटर गैस होने के वैज्ञानिक दावे को सही ठहराया गया है। वर्ष 2024 में एसएंडपी की एक रिपोर्ट में भारत के चार नये तेल ब्लॉकों महानदी, अंडमान, बंगाल और केरल-कोंकन में 22 अरब बैरल कच्चे तेल होने की बात कही थी।

देश के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ नरेन्द्र तनेजा ने दैनिक जागरण को बताया कि, तेल की दुनिया में एक कहावत है कि 'यहां तेल 80 फीसद राजनीतिक है' लेकिन जिस तरह से ट्रंप पाकिस्तान में तेल भंडार को लेकर बात कर रहे हैं उससे लगता है कि यहां 99 फीसद राजनीति हो रही है। तेल जगत में इसे कोई गंभीरता से नहीं ले रहा।

## 24 घर, 40 एकड़ खेत और लाखों के सोने-चांदी... 15 हजार की सैलरी पाने वाले क्लर्क ने कैसे जुटाई 30 करोड़ की संपत्ति?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक में महज 15 हजार के वेतन पर काम करने वाले पूर्व क्लर्क के पास बेहिसाब संपत्ति मिली है। संपत्ति इतनी कि जब छापा मारने लोकायुक्त के अधिकारी उसके आवास पर पहुंचे, तो उनकी भी आंखें फटी की फटी रह गईं।

शख्स का नाम कलकप्पा निदागुंडी बताया जा रहा है। वह कोप्पल में कर्नाटक रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड में क्लर्क था। सैलरी महज 15 हजार रुपये थी, लेकिन संपत्ति इतनी कि लाख रुपये महीना कमाने वाला भी शायद सपने में न सोच सके। करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

लोकायुक्त अधिकारियों ने शुक्रवार को केआरआईडीएल के एक पूर्व क्लर्क के आवास पर छापा मारा। छापे के दौरान उसके पास 24 मकान, 4 प्लॉट, 40 एकड़ कृषि भूमि मिली। इसके अलावा उसके पास से 4 गाड़ियां, 350 ग्राम सोना और 1.5 किलो चांदी भी बरामद की गई।

ये सारी संपत्तियां उसके, उसकी पत्नी और उसके भाई के नाम पर थीं। आरोप है कि कलकप्पा निदागुंडी और केआरआईडीएल के एक पूर्व इंजीनियर जेडएम चिंचोलकर ने कई अधूरे प्रोजेक्ट्स के लिए जाली दस्तावेज दिखाकर 72 करोड़ रुपये से अधिक का गबन कर लिया था।

कर्नाटक में लोकायुक्त उन सभी सरकारी अधिकारियों पर छापे मार रहे हैं, जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मंगलवारको हासन, चिक्कबलापुरा, चित्रदुर्ग और बेंगलुरु में पाँच सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

दैनिक हिन्दकुश

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

hindkush.in
24x7 News portal

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल नवमी



## संपादकीय

# भारत को विश्व की सबसे अधिक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया है....



वैश्विक स्तरपर विश्वबैंक आईएमएफ सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसीयों ने हर बार अपनी रिपोर्ट्स में भारत को विश्व की सबसे अधिक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया है,तथा भारत की आंतरिक एजेंसियां भी हर बार सकारात्मक भारत की रिपोर्टिंग देती है। अभी पासपोर्ट सूचकांक में भी भारत ने छलांग लगाई है, परंतु फिर भी अमेरिका के राष्टपति ट्रंप द्वारा भारत पर 25 पेर्सेंट टैरिफ़ प्लस पेनल्टी टैरिफ को 1 अगस्त 2025 से लागू कर देने के बावजूद बयान देना कि भारत व सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी की ओर नीचे गिर सकते हैं। इस तरह का बयान सोचनीय है। चूँकि भारत किसी भी बात पर अमेरिका के टैरिफ पैतरेबाजी से डील में उनकी मर्जी से फिट नहीं हो रहा है, तथा अन्य बड़े-बड़े देशों के उनके सामने झुकने के बावजूद भारत किसी अड्सट्टे में नहीं आ रहा है, और ना ही, किसी टैरिफ धमकी के दबाव में आ रहा है, बल्कि दो कदम आगे बढ़कर दिनांक 31 जुलाई 2025 को देर शाम तक चली ससंद कार्यवाही में वाणिज्य मंत्री महोदय ने साफ-साफ कह दिया कि उनके लिए राष्टहित सर्वोपरि है, हम उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे। बता दें वैसे भी भारत अमेरिका से कम समान बुलाता है, तथा भेजता अधिक है, तो उन सेक्टर में जैसे फार्मा, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि सहित कुछ क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जरूर है, परंतु इन क्षेत्रों को सपोर्ट करने भारत की कुछ नीतियां रणनीतियां बनाने पर शायद कार्य शुरू हो चुका होगा। परंतु संसद परिसर में 31 जुलाई 2025 को ही विपक्ष के नेता का बयान देकर ट्रंप द्वारा कहे गए शब्दों का सपोर्ट करते देखे गए जो उचित नहीं है, क्योंकि फैक्ट्स बता रहे हैं कि 2014 में इकोनॉमी 11वे नंबर से 2025 में चौथे नंबर तक पहुंच चुकी है।जीडीपी 2024-25 में 6.5 पेर्सेंट यूपीडी ट्रांजेक्शन 17200 करोड़ और महंगाई पर 2004-2014 में 8.2 पेर्सेंट से 2015-2025 में 5 पेर्सेंट तक लाना यह आंकड़े दिखा रहे हैं कि वाकई विश्व बैंक तथा आईएमएफ का आंकलन सही है, वाकई यह बयान एक डील की पैतरेबाजी हो सकती है। परंतु भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चुका है, व अमेरिका की दबाव नीति में आने की संभावना कम है,इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति से भारत झुकेगा नहीं, संसद में वाणिज्यमंत्री की हुंकार राष्ट हित सर्वोपरि।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारतीय इकोनॉमी को डेड कहना व इसके एनकाउंटर में हमारे तथ्यों की करें तो,ट्रंप का यह पोस्ट भारत पर 25 फीसदी टैरिफ ऐलान के बाद आया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या-क्या करता है, लेकिन वे दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी को और नीचे गिरा सकते हैं। अमेरिकी एक्सपर्ट डेलरिम्पल ने गुरुवार को कहा कि वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था डेड होने से कोसों दूर है,बल्कि पिछ्ले साल अमेरिका की तुलना में दोगुनी तेजी से बढ़ी है और इस साल अमेरिका की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ने का अनुमान है, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आंकड़ा डेलरिम्पल की बातों को सपोर्ट करता है।आईएमफ के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 दोनों में 6.4 पेर्सेंट की दर से बढ़ने का अनुमान है,जबकि अमेरिका की इकोनॉमी ग्रोथ 1.9 पेर्सेंट और 2 पेर्सेंट रहने का अनुमान है। कैलेंडर वर्ष के दौरान भारत के 2025 में 6.7 पेर्सेंट की ग्रोथ होने का अनुमान है।

# पिंगलि वेंकय्या




पिंगलि वेंकय्या अथवा पिंगली वेंकैय्या भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के अभिकल्पक थे। वे भारत के सच्चे देशभक्त, महान् स्वतंत्रता सेनानी एवं कृषि वैज्ञानिक भी थे।

जीवन परिचय- भारत के राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा तैयार करने वाले पिंगली वेंकैय्या का जन्म आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा ज़िले के दीवी तहसील के भटाला पेनमरू नामक गाँव में 2 अगस्त, 1878 को हुआ था। उनके पिता का नाम पिंगली हनमंत रायडू एवं माता का नाम वेंकटरत्न्मा था। पिंगली वेंकैय्या ने प्रारंभिक शिक्षा भटाला पेनमरू एवं मछ्लीपट्टनम से प्राप्त करने के बाद 19 वर्ष की उम्र में मुंबई चले गए। वहां जाने के बाद उन्होंने सेना में नौकरी कर ली, जहां से उन्हें दक्षिण अफ्रीका भेज दिया गया।

गाँधीजी से भेंट- सन 1899 से 1902 के बीच दक्षिण अफ्रीका के बायर युद्ध में उन्होंने भाग लिया। इसी बीच वहां पर वेंकैय्या साहब की मुलाकात महात्मा गांधी से हो गई, वे उनके विचारों से काफ़ी प्रभावित हुए, स्वदेश वापस लौटने पर बम्बई ( अब मुंबई) में रेलवे में गार्ड की नौकरी में लग गए। इसी बीच मद्रास (अब चेन्नई) में प्लेग नामक महामारी के चलते कई लोगों की मौत हो गई, जिससे उनका मन व्यथित हो उठा और उन्होंने वह नौकरी भी छोड़ दी। वहां से मद्रास में प्लेग रोग निर्मूलन इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हो गए।

वेंकय्या कपास- पिंगलि वेंकय्या की संस्कृत, उर्दू एवं हिंदी आदि भाषाओं पर अच्छी पकड़ थी। इसके साथ ही वे भू-विज्ञान एवं कृषि के अच्छे जानकर भी थे। सन 1904 में जब जापान ने रूस को हरा दिया था। इस समाचार से वे इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने तुरंत जापानी भाषा सीख ली। उधर महात्मा गांधी जी का स्वदेशी आन्दोलन चल ही रहा था, इस आन्दोलन ने भी पिंगली वेंकैय्या के मन को बदल दिया। उस समय उन्होंने अमेरिका से कम्बोडिया नामक कपास की बीज का आयात और इस बीज को भारत के कपास बीज के साथ अंकुरित कर भारतीय संकरित कपास का बीज तैयार किया। उनके इस शोध कार्य के लिये बाद में इन्हें %वेंकय्या कपास% के नाम से जाना जाने लगा।

राष्ट्रीय ध्वज की रचना- सन 1916 में पिंगली वेंकैया ने एक ऐसे ध्वज की कल्पना की जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँध दे। उनकी इस पहल को एस.बी. बोमान जी और उमर सोमानी जी का साथ मिला और इन तीनों ने मिल कर नेशनल फ्लैग मिशन का गठन किया। वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्टपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग के की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है। राष्ट्रीय ध्वज में रंग को लेकर तरह-तरह के वाद-विवाद चलते रहे। अखिल भारतीय संस्कृत कांग्रेस ने सन् 1924 में ध्वज में केसरिया रंग और बीच में गदा डालने की सलाह इस तर्क के साथ दी कि यह हिंदुओं का प्रतीक है। फिर इसी क्रम में किसी ने गेरुआ रंग डालने का विचार इस तर्क के साथ दिया कि ये हिन्दू, मुसलमान और सिख तीनों धर्म को व्यक्त करता है। काफ़ी तर्क वितर्क के बाद भी जब सब एकमत नहीं हो पाए तो सन् 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को मूर्त रूप देने के लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई।

इसी साल कराची कांग्रेस कमेटी की बैठक में पिंगली वेंकैया द्वारा तैयार ध्वज, जिसमें केसरिया, श्वेत और हरे रंग के साथ केंद्र में अशोक चक्र स्थित था, को सहमति मिल गई। इसी ध्वज के तले आज़ादी के परवानों ने कई आंदोलन किए और 1947 में अंग्रेज़ों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। आज़ादी की घोषणा से कुछ दिन पहले फिर कांग्रेस के सामने ये प्रश्न आ खड़ा हुआ कि अब राष्ट्रीय ध्वज को क्या रूप दिया जाए इसके लिए फिर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई और तीन सप्ताह बाद 14 अगस्त को इस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को ही राष्ट्रीय ध्वज के रूप में घोषित करने की सिफ़ारिश की। 15 अगस्त 1947 को तिरंगा हमारी आज़ादी और हमारे देश की आज़ादी का प्रतीक बन गया।

निधन- राष्ट्रीय ध्वज बनाने के बाद पिंगली वेंकैय्या का झंडा झंडा वेंकैय्या के नाम से लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। 4 जुलाई, 1963 को पिंगली वेंकैय्या का निधन हो गया।

सम्मान- भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का डिज़ाइन बनाने वाले पिंगली वेंकैया के सम्मान में भारत सरकार ने उनके नाम पर डाक टिकट जारी किया। वेकैंया पिंगली के 132वें जन्म दिवस के अवसर पर जारी इस डाक टिकट में उनके बनाए गए तिरंगे के साथ उनकी तस्वीर भी है। डाक टिकट का मूल्य पांच रूपए है। प्रथम दिवस आवरण और सूचना सामग्री की क़ीमत दो-दो रुपए है। देश के चार जगहों विशाखापत्तनम, हैदराबाद, कुरनूल, विजयवाड़ा के जेनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) पर यह उपलब्ध है।



# ट्रंप के टैरिफ से अमेरिका में ही बढ़ेगी महंगाई, सालाना घरेलू खर्च 2 लाख तक बढ़ेगा; एसबीआई की रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा




नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 25त्न टैरिफ का सबसे ज्यादा असर अमेरिका पर ही पड़ेगा। इससे महंगाई बढ़ेगी और अमेरकी घरों का औसतन सालाना खर्च 2400 डॉलर (करीब 2.09 लाख रुपए) बढ़ सकता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एक रिसर्च रिपोर्ट में ये चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बढ़ा हुआ बोझ सभी परिवारों पर बराबर नहीं पड़ेगा। कम आय वाले अमेरिकी परिवारों को करीब 1300 डॉलर (1.13 लाख रुपए) का नुकसान हो सकता है, जो अमीर परिवारों के मुकाबले तीन गुना ज्यादा दबाव वाला होगा। वहीं, अमीर परिवारों को भी करीब 5000 डॉलर (4.37 लाख रुपए) तक का नुकसान हो सकता है।

एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में साफ किया है कि, ट्रंप के टैरिफ की वजह से औसतन हर अमेरिकी परिवार को शॉर्ट टर्म में करीब 2400 डॉलर यानी 2.09 लाख रुपए का नुकसान होगा।

भारत के मुकाबले अमेरिका को ज्यादा नुकसान- एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि नया ट्रेड विवाद भारत के मुकाबले अमेरिका को ही ज्यादा नुकसान पहुंचाएगा। इसकी वजह यह है कि अमेरिका फिलहाल कमजोर डॉलर, ऊंची महंगाई और बढ़ते दामों के दबाव जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 585 अंक लुढ़का, निफ्टी भी धड़ाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में आज भारी गिरावट देखने को मिली है। दिन में एक वक्त पर मार्केट हरे निशान के ऊपर ट्रेड करने लगा था। लेकिन बाजार तेजी को बरकरार नहीं रख पाया। जिसकी वजह सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत या फिर 585.67 अंक की गिरावट के साथ 80,599.91 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 0.82 प्रतिशत या फिर 203 अंक की गिरावट के साथ 24,565.35 अंक रहा है। बता दें, ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले और एफपीआई की निकासी ने घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ाया है। जिसकी वजह से यह गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को निफ्टी का इंट्रा-डे हाई 24734.90 अंक और इंट्रा-डे लो 24535.05 अंक रहा है। सेंसेक्स का इंट्रा-डे हाई 81,317.51 अंक और इंट्रा-डे लो लेवल 80,495.57 अंक रहा है। सेंसेक्स की टॉप 30 में से 24 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए हैं। सनफार्मा के शेयरों का भाव 4.63 प्रतिशत तक लुढ़क गया है। वहीं, टाटा स्टील के शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए हैं। इंफोसिस, मारुति, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयरों में भी 2 या फिर 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई है। दूसरी तरफ इस दबाव के माहौल में रिलायंस, कोटक बैंक, आईटीसी, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स और ट्रेंट (3 प्रतिशत) के शेयरों में तेजी दर्ज की गई है।

## एक शेयर पर मिलेंगे 5 नए शेयर, अदाणी ग्रुप की पावर कंपनी ने दी खुशखबरी, पहली बार करने जा रही स्टॉक स्प्लिट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी पावर ने वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी की ओर से दी गई एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, अदाणी पावर को क्त1 में 3305 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ, तिमाही आधार पर प्रॉफिट में बढ़त देखने को मिली, लेकिन सालाना आधार यह कम रहा है।

खास बात है कि कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट को मंजूरी दे दी है और शेयर 1:5 के रेशियो में विभाजित होंगे यानी हर एक इक्विटी शेयर 5 में स्प्लिट होंगे। अदाणी पावर पहली बार स्टॉक विभाजन करने जा रहा है।

कैसे रहे क्त1 रिजल्ट- इस तिमाही में कंपनी की कुल आय 14573 करोड रही, यह भी तिमाही आधार पर बढ़ी है। क्योंकि, क्त4 में अदाणी पावर की कुल आय 14535 करोड़ रुपये रही थी। 1 अगस्त को कंपनी के शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे, लेकिन नतीजों के बाद इनमें निचले स्तरों से रिकवरी देखने को मिली है।

स्थिर रहा कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन- तिमाही नतीजों के बाद अदाणी पावर लिमिटेड के सीईओ, एस बी ख्यालिया ने कहा, इस तिमाही में अदाणी पावर का स्थिर वित्तीय प्रदर्शन रहा, बिजली की मांग में उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मौसम के बावजूद कंपनी ने अच्छे रिजल्ट डिलीवर किए। हम अपने नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत और रणनीतिक अधिग्रहणों के माध्यम से अपनी क्षमता को लगातार बढ़ा रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हम 2030 तक 30 गीगावाट की अपनी क्षमता के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भविष्य की वृद्धि के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे बड़ी ऑयल कंपनियां, नंबर वन पर इस मुस्लिम देश का दबदबा



नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रंप के टैरिफ ने बार फिर से तेल को लेकर बहस छेड़ दी है। क्योंकि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एनर्जी डील की है। इस एनर्ज डील के तहत यूएस, पाकिस्तान में तेल भंडार का विकास करेगा। हालांकि, इसे शुरू होने में ही 4 से 5 साल का वक्त लग सकता है। क्योंकि पाकिस्तान को इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में काफी समय लग सकता है। इन सबके बीच दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों की भी चर्चा हो रही है। आइए जानते हैं कि आखिर दुनिया की पांच सबसे बड़ी तेल कंपनियां कौन सी हैं और टॉप 100 में भारत की कितनी कंपनियां शामिल हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी इस मुस्लिम देश में- दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी का नाम सऊदी अरामको है। यह कंपनी मुस्लिम देश सऊदी अरब की है। इसका मार्केट कैप 136.864 ट्रिलियन है। सऊदी अरामको की ताजा वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का वर्तमान राजस्व 41.887 ट्रिलियन है। 2024 में कंपनी का राजस्व ?41.227 ट्रिलियन होगा, जो 2023 के 41.216 ट्रिलियन के राजस्व से अधिक है।

दुनिया की टॉप Oil कंपनियां- सऊदी अरब की Saudi Aramco इस लिस्ट में तो नंबर वन पर हैं।

# 500% तक टैरिफ की धमकी, रूस के साथियों से खुन्नस निकाल रहे हैं ट्रंप, चीन ने दिया ऐसा जवाब 100 बार सोचेगा US



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, टैरिफ के बहाने उन देशों पर अपनी खुन्नस निकाल रहे हैं जो रूस से तेल खरीद रहे हैं और डिफेंस डील कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि वह ऐसे देशों पर 500त्न तक टैरिफ लगाएगा। इसके बाद चीन ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में चीन के अधिकारी गेंग शुआंग ने यूक्रेन को हथियार आपूर्ति के मुद्दे पर यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में चीन के खिलाफ अमेरिकी प्रतिनिधि द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया। इस दौरान चीन के प्रतिनिधि ने कहा, अमेरिका आज भी रूस के साथ व्यापार कर रहा है। अमेरिका के लिए ऐसा करना ठीक है, फिर दूसरों के साथ ऐसा क्यों ब्लैकमेलिंग और ब्लेमगेम बंद करे अमेरिका- चीन ने कहा, ÷हम एक बार फिर अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह ब्लेमगेम का खेल खेलना और दूसरों को बलि का बकरा बनाना बंद करे। चीन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बीजिंग ने अमेरिकी प्रशासन के साथ टिकाऊ टैरिफ समझौते पर पहुंचने के लिए 12 अगस्त की समय सीमा तय की है। इससे पहले मई और जून में बीजिंग और वाशिंगटन ने बढ़ते टैरिफ और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति में कटौती को समाप्त करने के लिए प्रारंभिक समझौते किए थे।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, और यह खुलकर कहा है कि भारत रूस से तेल और हथियार खरीदता है। अब यूएस और इंडिया के बीच सबकुछ अच्छा नहीं है। इतना ही नहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी भी कहा। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रंप दबाव की राजनीति के जरिए अपनी बातें मनवाने की कोशिश कर रहे हैं।

## 3त्न टूटकर बंद हुआ टाटा का यह शेयर, एक्सपर्ट का अनुमान- 185 रुपये तक जाएगा भाव




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील को जून तिमाही में बंपर मुनाफा हुआ है। इस तिमाही नतीजे के बाद अब शुक्रवार को कंपनी के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर की कीमत में 3 फीसदी की गिरावट आई और भाव 153 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर करीब 4 पर्सेंट टूटकर 152.55 रुपये के निचले स्तर तक आ गया। टाटा स्टील के शेयर को लेकर एक्सपर्ट ने भी अपना टारगेट प्राइस दिया है।


एमके ग्लोबल ने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों में लागत में कमी एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा, जिसमें कंपनी ने 2,900 करोड़ रुपये की परिचालन दक्षता दर्ज की। एमके ने कहा कि 12-18 महीनों में 11,500 करोड़ रुपये की दक्षता हासिल करने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी प्रतीत होता है। हम मांग और कीमतों के निचले स्तर पर पहुंचने के संकेत देख रहे हैं। ब्रोकरेज ने शेयर के लिए 185 रुपये के अपरिवर्तित लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग बरकरार रखी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग पर विपक्ष का हंगामा, इधर कैलाश विजयवर्गीय बोले- चीन से चंदा लेने वालों को सेना पर बोलने का हक नहीं

भोपाल। जनजातीत कार्य, भोपाल गैस राहत त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर सदन में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने भोपाल गैस पीड़ित समिति की अनुशंसाओं को लेकर प्रश्न पूछा था। इसका जवाब मंत्री विजय शाह को देना था।

इस दौरान कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा महिला सैन्य अधिकारी का अपमान करने वाले मंत्री इस्तीफा दें। इसके बाद सभी विपक्षी सदस्य खड़े होकर नारेबाजी करने लगे और फिर आसंदी के सामने आ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने सबको अपने स्थान पर जाने और प्रश्नकाल में बात करने के लिए बार-बार आग्रह किया, लेकिन स्थिति नहीं संभली।इस बीच सत्ता पक्ष से भी नारेबाजी होने लगी। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की सेना का अपमान करने वाले सेना के सम्मान की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान और चीन का सपोर्ट करते हैं। इसके बाद सत्ता पक्ष से भी नारेबाजी हुई। थोड़ी



देर बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सदन में उपस्थित थे।

विधानसभा की कार्यवाही चार अगस्त तक के लिए स्थगित

विजय शाह के इस्तीफे को लेकर सदन में जमकर हंगामा के बीच संसदीय कार्य मंत्री ने लगाया कांग्रेस पर पाकिस्तान और चीन का दलाल होने का आरोप। कहां इनके नेता चीन से चंदा लेते हैं, इन्हें सेना को लेकर बात करने का अधिकार ही नहीं है। कैलाश विजयवर्गी ने उमंग सिंघार पर दिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। जिस समय सिंघार हंगामा कर रहे थे, तब भूपेंद्र सिंह द्वारा आदिवासियों की जमीन पर कब्जे का मुद्दा उठाया गया था।

इसको लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। उमंग सिंघार ने तेज स्वर में कहा कि भ्रामक जानकारी दी जा रही है। हमने आदिवासियों के मुद्दे पर स्थगन लगाया है, यदि हिम्मत है तो फिर उसे स्वीकार करें और सदन में चर्चा। काफी देर हंगामा चलने के बाद मुख्यमंत्री का इशारा पाते सत्ता पक्ष के सभी सदस्य एक साथ खड़े हो गए और कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया जिसके बाद सदन की कार्यवाई 4 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**इधर... खाद संकट को लेकर प्रदर्शन**-खाद संकट को लेकर कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों ने खाद की खाली बोरियां और नैनो खाद की प्रतीकात्मक बोतलें लेकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा प्रदेश के लाखों किसान खाद की लाइन में खड़े हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है। एक तरफ बारिश का समय चल रहा है, दूसरी ओर किसानों को आवश्यक खाद तक नहीं मिल रही।

उन्होंने कहा कि नकली और अनुपलब्ध खाद से किसान परेशान हैं। सरकार किसानों को राहत देने की बजाय, नैनो खाद जैसे प्रयोगों के जरिए उनके साथ खिलवाड़ कर रही है। वह किसानों के आंसू नहीं पोंछना चाहती, उनके बच्चों के भविष्य की चिंता इस सरकार को नहीं है। उन्होंने मांग की है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। सरकार सदन में इस मुद्दे पर जवाब दे। नैनो खाद के दुष्प्रभावों की जांच कराई जाए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में 6th क्लास के एडमिशन की तारीख बढ़ी, अब इस डेट तक कर सकते हैं अप्लाई




भोपाल। अगर आपका बच्चा इस साल पांचवीं कक्षा में पढ़ रहा है और आप उसे जवाहर नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिला दिलाना चाहते हैं, तो आपके लिए बड़ी खबर है। सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 13 अगस्त 2025 कर दी गई है। पहले यह तारीख 29 जुलाई थी। यह अवसर खासतौर पर कटनी जिले के छात्रों के लिए सुनहरा मौका है, जो मुफ्त में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पाना चाहते हैं।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, कटनी में सत्र 2026-27 के लिए छठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु होने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के अनुसार, आवेदन पूरी तरह नि:शुल्क है और इसे नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। आवेदन की पात्रता आवेदन वही विद्यार्थी कर सकते हैं जो सत्र 2025-26 में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत हों।

विद्यार्थी और उनके माता-पिता का स्थायी निवास कटनी जिले में होना अनिवार्य है। चयन के बाद निवास प्रमाण पत्र देना जरूरी होगा।विद्यार्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ सम्मिलित)।आवेदनकर्ता विद्यार्थी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ता हो। परीक्षा की तारीख चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

## एमपी की केमिस्ट्री प्रोफेसर बनी कातिल, करंट देकर की डॉक्टर पति की हत्या

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने डाक्टर पति को करंट देकर मारने के मामले में प्रोफेसर पत्नी ममता पाठक को मिली उम्रकैद की सजा को कायम रखा है। कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद सुरक्षित किया गया फैसला सुनाते हुए साफ किया कि घटना के दिन कोई अन्य व्यक्ति बाहर से नहीं आया था। परिस्थितियों की पूरी कड़ी इस ओर इंगित करती है कि पत्नी ने ही पहले नशीली दवा देकर पति को बेहोश किया और बाद में करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया।

जांच शुरू हुई तो कहानी में परतें खुलीं कोर्ट ने पूर्व में सजा पर दिया गया अस्थायी निलंबन निरस्त करते हुए ममता पाठक को शेष कारावास भुगतने के लिए तत्काल ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने के निर्देश दिए। इस मामले में हाई कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 29 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। वर्ष 2021 में ग्वालियर में सेवानिवृत्त डॉ. नीरज पाठक की रहस्यमय परिस्थिति में मौत हो गई थी।

# 15 साल की लड़की को फॉर्च्यूनर से किया किडनैप... पार्टी में पिलाई शराब फिर पूरे शहर में घुमाया



ग्वालियर शहर के पॉश इलाके सिटी सेंटर से नाबालिग लड़की के अपहरण की खबर ने सनसनी फैला दी। एक 15 वर्षीय किशोरी को फॉर्च्यूनर कार सवार युवक कथित रूप से अगवा कर ले गए और शराब पिलाकर पूरे शहर में घुमाते रहे।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और लश्कर क्षेत्र में घेराबंदी कर कार समेत किशोरी को बरामद किया गया। फिलहाल कोतवाली थाने में पूछताछ जारी है।

गुरुवार को ग्वालियर शहर में उस समय हड़कंप मच गया, जब सिटी सेंटर क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण की सूचना मिली। किशोरी अपने एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गई थी। इस दौरान वह शॉपिंग मॉल भी पहुंची, जहां उसने दोस्तों के साथ गेम जोन में समय बिताया।पुलिस के अनुसार, पार्टी के दौरान किशोरी को वहां मौजूद युवकों ने शराब पिलाई और उसे फार्च्युनर कार (नंबर MP09 8989) में बिठाकर शहर में घुमाते रहे। इस बीच किशोरी के परिजनों ने जब उसे कॉल किया तो उसका जवाब युवकों ने दिया, जिससे स्वजनों को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मामला जैसे ही पुलिस तक पहुंचा, पूरे ग्वालियर शहर में नाकेबंदी शुरू कर दी गई। लश्कर क्षेत्र में जब संदिग्ध कार देखी गई, तो पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया। कार को कब्जे में लेने के बाद किशोरी और एक युवक को कोतवाली थाने लाया गया।

थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा ने किशोरी से बातचीत की। किशोरी ने बताया कि पार्टी में उसके दोस्तों ने जबरन शराब पिलाई और फिर उसे जबरन कार में ले गए।

पुलिस के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मामला अपहरण का है या किशोरी की सहमति से वह युवकों के साथ गई थी। कार जिस युवक की बताई जा रही है, उसका नाम सिद्धार्थ घुरैया बताया गया है। फिलहाल कार और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

एएसपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि किशोरी के अपहरण की सूचना मिलते ही कार को पकड़ा गया। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किशोरी से भी पूछताछ जारी है, जल्द ही तथ्य सामने आ जाएंगे।

## हर साल 13 करोड़ रुपये खर्च... फिर भी जबलपुर की जनता पी रही गंदा पानी, मुद्दा अब विधानसभा तक पहुंचा



जबलपुर। जबलपुर में हर साल 12 से 13 करोड़ रुपये सिर्फ पेयजल आपूर्ति के नाम पर खर्च किए जाते हैं। फिर भी आम लोगों को गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह मुद्दा अब विधानसभा तक पहुंच गया है, जहां विधायक लखन घनघोरिया ने सरकार से कड़े सवाल किए हैं। क्या अब इस गड़बड़ी पर कोई सख्त कार्रवाई होगी जबलपुर शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। विधानसभा सत्र में यह मुद्दा जोर-शोर से उठा, जब पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि हर साल लगभग 12 से 13 करोड़ रुपये जल आपूर्ति पर खर्च किए जाते हैं, बावजूद इसके शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है।घनघोरिया ने विधानसभा में आरोप लगाया कि भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से अभी भी गंदे और मटमैले पानी की आपूर्ति की जा रही है। उनका कहना था कि यह सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या सरकार इन गड़बड़ियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करेगी?

विधायक ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी व्यवस्था में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसे छिपाने की कोशिश की जा रही हैइस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब देते हुए कहा कि जबलपुर शहर के सभी जलशोधन संयंत्रों की सफाई नियमित रूप से की जाती है। सफाई और रखरखाव पर हर साल लगभग 23 लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। उन्होंने यह दावा किया कि भोंगाद्वार या किसी अन्य जलशोधन संयंत्र से प्रदूषित पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है।



# हेलमेट धारण नहीं करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदान नहीं करने संबंधी आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पालन सुनिश्चित कराने के लिये कार्यपालिक दण्डाधिकारी को अनुभागवार सौंपे गये दायित्व

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदान नहीं किये जाने के संबंध में गत दिवस आदेश जारी किये गये हैं। इस आदेश के प्रभावी परिपालन एवं क्रियान्वयन हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को उनके अनुभाग क्षेत्र में उक्त आदेश के उपबन्धों को प्रभावी रूप से लागू कराने हेतु पेट्रोल पम्पों का आकस्मिक निरीक्षण व वैधानिक कार्यवाई सुनिश्चित कराने हेतु आदेशित किया गया है।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जूनी इंदौर अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री प्रदीप सोनी और तहसीलदार श्रीमती प्रीति भिसे को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह मल्हारगंज अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम डॉ. निधि वर्मा और प्रभारी तहसीलदार श्री नारायण नांदेड़ा को, राऊ अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री गोपाल सिंह वर्मा और प्रभारी तहसीलदार श्रीमती याचना दीक्षित को, कनाड़िया अनुभाग के लिये एसडीएम श्री ओमनारायण सिंह बड़कुल तथा प्रभारी तहसीलदार श्री शेखर चौधरी को, भिचौली हप्सी क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री अजय भूषण शुक्ला और प्रभारी तहसीलदार श्री बलवीर सिंह राजपूत को, खुड़ैल अनुभाग के लिये एसडीएम श्री नीरज खरे और प्रभारी तहसीलदार श्रीमती अंकिता वाजपेई को, हातोद अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री रवि वर्मा और प्रभारी तहसीलदार श्री योगेश मेश्राम को, देपालपुर अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री राकेश मोहन त्रिपाठी और तहसीलदार श्री लोकेश आहुजा को, डॉ. अम्बेडकर नगर महू के लिये एसडीएम श्री राकेश परमार तथा नायब तहसीलदार श्री विवेक कुमार सोनी को तथा सांवेर अनुभाग क्षेत्र के लिये एसडीएम श्री घनश्याम धनगर और प्रभारी तहसीलदार श्रीमती पूनम तोमर को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी अलग-अलग समय में आकस्मिक रूप से संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षण/पटवारी/पुलिस/खाद्य विभाग की टीम के साथ पेट्रोल पम्प की जाँच करेंगे तथा प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल वैधा?निक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## आबकारी इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कड़ी कार्यवाही



इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह और सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी और डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सख़्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ताज़ा कार्रवाई में विभाग की तीन टीमों ने अलग-अलग वृत सांवेर, बालदा कॉलोनी (फूटी कोटी) और भोईमोहल्ला क्षेत्र में छापे मारकर कुल 326 पाव देसी मदिरा (58.26 बल्क लीटर), 1 पेटी विदेशी मदिरा और 2 पेटी देशी/विदेशी मदिरा जब्त की है। साथ ही दो दोपहिया वाहन (एक एक्टिवा, एक हीरो प्लेजर) भी ज़ब्त किए गए।

पकड़े गए आरोपी/अभियुक्तों में से एक महिला को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है, जबकि अन्य के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। पूरी बरामदगियों का करीब बाजार मूल्य 1 लाख 71 हजार 124 रुपए आँका गया है। यह कार्रवाई आबकारी दलों उप निरीक्षक श्रीमती त्रिअम्बिका शर्मा, मीरा सिंह, शालिनी सिंह एवं उनकी टीम की सतर्कता एवं समर्पण का परिणाम है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा पर इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल जीआईएस 2.0 लॉंच

इंदौर। प्रमुख सचिव, राजस्व श्री विवेक पोरवाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन-1 (वेब जीआईएस 1.0) संचालित किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता को बढ़ाते हुए अब वेब जीआईएस 2.0 लांच किया गया है। नये पोर्टल पर लांच किया गया है। एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने नवीन पोर्टल 2.0 को पहले नरसिंहपुर और सिवनी जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया था। इसके सफल संचालन के बाद 30 जुलाई, 2025 से राज्य स्तर पर लागू किया गया है।

भूलेख के नये वर्जन के आने से नागरिकों को कम समय में अधिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। वेब जीआईएस 2.0 में वेब पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया गया है। अब नागरिक खसरे की प्रमाणित प्रतिलिपि व्हाट्स ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। नवीन पोर्टल में ओटीपी आधारित ई-केवाईसी सुविधा भी उपलब्ध होगी। नवीन भूलेख पोर्टल पर नागरिक एक ही आवेदन द्वारा अनेक भू-अभिलेखों का चयन कर इन अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर सकेंगे।

# कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी सिलसिले में आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह को सूचना प्राप्त हुई थी कि तहसील जूनी इंदौर स्थित ग्राम भानगढ़ भूमि खसरा क्रमांक 59 रकबा 1.307 हेक्टेयर जो कि श्रीराम शासकीय मंदिर के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण हुआ है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा जाँच के निर्देश दिए गए। निर्देश के पालन में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर श्री प्रदीप सोनी एवं तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे द्वारा जाँच की गई।

जाँच उपरांत श्रीराम शासकीय मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाने से आज अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर श्री प्रदीप सोनी के निर्देशन में तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे सहित नगर निगम एवं राजस्व के अमले द्वारा ग्राम भानगढ़ स्थित भूमि खसरा क्रमांक 59 रकबा 1.307 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण मुक्त करायी गई भूमि का अनुमानित मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपये है। उक्त बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर शासन हित में भूमि का कब्जा लिया गया। शासकीय भूमि को संरक्षित किया जाकर, भूमि पर तार फेंसिंग कर भूमि श्रीराम शासकीय मंदिर होने संबंधी सूचना बोर्ड लगाया गया।

# 'दीक्षारंभ 2025' भविष्य के प्रबंधकों से आवाहन — बॉस नहीं, निर्माता बनें

इंदौर। आज की दुनिया को बॉस नहीं, बिल्डर्स (निर्माता) की ज़रूरत है। ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो वास्तविक समस्याओं का समाधान कर सकें–चाहे वह ग्रामीण भारत में लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाना हो या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिये वंचित युवाओं को प्रशिक्षित करना हो।



यह बात यूनिवर्सिटी के चांसलर और प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डेविश जैन ने आज प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (यूजी) के 2025ङ्क28 बैच के नवप्रवेशी छात्रों के 'दीक्षारंभ 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। डॉ. जैन ने छात्रों से कहा कि आने वाले समय के प्रबंधकों को केवल द्बक्त (बौद्धिक क्षमता) ही नहीं, बल्कि ्रक्त (एडैप्टेबिलिटी कोशन्ट यानी अनुकूलन क्षमता) की भी आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, ÷आज के समय में केवल डेटा लिटरेसी नहीं, बल्कि इंसानियत और सहानुभूति ज़रूरी है। तेज़ दिमाग के साथ कोमल दिल और स्पष्ट मूल्य ही आपको नेतृत्व में उत्कृष्ट बनाएंगे।÷

## कावड़ यात्रियों की दुर्घटना - घायलों का समुचित उपचार जारी, कलेक्टर ने दिए बेहतर इलाज के निर्देश

इंदौर। खंडवा रोड पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में घायल कावड़ यात्रियों का समुचित उपचार कराया जा रहा है। सभी घायलों की स्थिति अब सामान्य बताई गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल ध्रुव पिता सत्यनारायण (नंदन नगर) का इलाज बाम्बे अस्पताल में जारी है। प्रशासन द्वारा सभी घायलों के इलाज का खर्च शासकीय मद से वहन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए और उपचार में किसी भी प्रकार की कोर-कसर नहीं होनी चाहिए। इस दुर्घटना में एक कावड़ यात्री आदर्श पिता संजय नाथ (राज नगर) की मृत्यु हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता के रूप में उनके परिजनों को रेडक्रॉस फंड से 50 हजार रुपये तथा एक अन्य मद से 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। एसडीएम महू श्री राकेश परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुल 6 घायलों में से 5 यात्रियों जितेन्द्र पिता प्रेमनारायण (न्याय नगर), यश पिता संदीप (लालबाग), विकास पिता बाबूलाल (नंदन नगर), शुभम पिता सुरेश (नंदन नगर) तथा दुर्गेश पिता विजय (जय भवानी नगर) का इलाज एमवाय अस्पताल में किया जा रहा है। घायलों के उपचार पर जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर जानकारी रखी जा रही है और आवश्यक सभी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# संभागायुक्त दीपक सिंह ने इंदौर रेसीडेंसी क्लब में नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया

इंदौर। संभागायुक्त और इंदौर रेंसीडेंसी क्लब के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह ने गुरूवार को इंदौर रेसीडेंसी क्लब परिसर में नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं इंदौर रेसीडेंसी क्लब के सचिव श्री आशीष सिंह एवं अपर कलेक्टर तथा क्लब के सहसचिव श्री गौरव बेनल भी विशेष रूप से उपस्थित थे। नया पिकल बॉल कोर्ट बन जाने पर सदस्यों ने खुशी व्यक्त की। इससे इंदौर रेसीडेंसी क्लब के सदस्यों को अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर रेंसीडेंसी क्लब में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर सदस्यों से चर्चा की और उनसे सुझाव भी लिये। बताया गया कि इंदौर रेंसीडेंसी क्लब में एक स्कवाश कोर्ट भी बनाया जायेगा। साथ ही अण्डरग्राउण्ड वाटर टैंक भी बनेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर रेसीडेंसी क्लब में सदस्यों के लिये विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया जाता हैं। इस अवसर पर इंदौर रेसीडेंसी क्लब के प्रबंधक श्री शेखर तिवारी सहित क्लब के सदस्यगण मौजूद थे। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर रेंसीडेंसी क्लब परिसर का अवलोकन भी किया।



# विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए दिया गया मार्गदर्शन

इंदौर। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा चयनित काउंसलर और विषय विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र /छात्राओं हेतु सत्र 2025 की शुरुआत से ही छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने एवं छात्र एवं छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग के लिए कैरियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन की शुरुआत की गई। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक श्री पी. एस. मंडलोई ने बताया कि काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों और मोटिवेशनल स्पीकर की टीम बनाकर शासकीय नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल इन्दौर के छात्र/छात्राओं को मार्गदर्शन देने हेतु भेजा गया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# दीप यज्ञ के साथ संपन्न हुआ व्यक्तित्व परिष्कार शिविर

## पांच बंदियों ने ग्रहण की गुरु दीक्षा, 12 ने गायत्री मंत्र लिखित कॉपी जमा कराई

उज्जैन। केंद्रीय कारागार भैरवगढ़ में चल रहे जुलाई माह के व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का समापन 31 जुलाई को दीप यज्ञ के साथ हुआ। आयोजन में पांच बंदी भाइयों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की।

आशा सेन, रेखा गौड़, रश्मि मिश्रा, कामिनी जुनेजा, डॉ नीति टंडन ने दीप यज्ञ और समापन सत्र संचालित किया। शांति पाठ के पश्चात 12 भाइयों ने गायत्री मंत्र लिखित कॉपी जमा कराई। 5 प्रतिभागी बंदियों ने शिविर संबंधी अपने संस्मरण सुनाए।

कार्य को संकल्प के साथ जोड़े अपना संकल्प सुनिश्चित करें- रामचंद्र गायकवाड

युग निर्माण योजना महाकाल की योजना है। उसका प्रतिनिधित्व स्वयं परप पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा 'आचार्य' जी करते हैं। वर्तमान समय आपत्ति कालीन



समय है जिसमें हर कोई गुरुदेव का काम कर रहा है। संपूर्ण विश्व करवट बदल रहा है। इस समय में सभी गतिशील बने रहे। 2026 जन्म शताब्दी समारोह जनसंपर्क एक दिवसीय सक्रिय कार्यकर्ता कार्यशाला को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक रामचंद्र गायकवाड ने अपने उद्बोधन में कहा। साथ में सह टोली नायक रूद्रगिरी गोस्वामी भी पधारे आपने जन्म शताब्दी विशेष गीत प्रस्तुत किया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप को प्रज्वलिजत होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व व्यापी कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। आगामी बसंत पंचमी पर्व पर 20 से 23 जनवरी 2026 शांतिकुंज हरिद्वार में सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन होगा। आगामी अक्टूबर, नवंबर माह में एक विशाल कार्यक्रम हरिद्वार में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ देव पूजन के साथ किया गया। अतिथि द्वय का स्वागत उर्मिला तोमर एवं शांति भट्ट द्वारा किया गया। स्थानीय समन्वयक सत्य चतुर्वेदी द्वारा अतिथि परिचय दिया गया। उज्जैन उपझोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर जिले की सभी तहसीलों से एवं शहर के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह सिकरवार ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शशिकांत शास्त्री ने किया।

# नशा मुक्ति के लिए युवाओं को किया जागरूक, विक्रम विश्वविद्यालय में जागरूकता सम्मेलन संपन्न



उज्जैन। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट (पंजी.) की उज्जैन इकाई द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नशा मुक्ति जन-जागरूकता सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम समाज में फैल रहे नशा रूपी सामाजिक विष के विरुद्ध जनचेतना निर्माण के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डॉ. अर्पण भारद्वाज उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी नशा मुक्त जीवन का संदेश पहुंचाएं।

मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित योग गुरु डॉ. मिलिन्द्र त्रिपाठी ने योग एवं ध्यान के माध्यम से नशा मुक्ति विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नशे की लत केवल शरीर को नहीं, आत्मा और समाज को भी प्रदूषित करती है। योग ही वह साधन है जो व्यक्ति को आंतरिक शांति, संतुलन और संयम प्रदान करता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सांख्यिकी विभागाध्यक्ष श्री राकेश टेलर, मानव अधिकार ट्रस्ट के प्रदेश चिकित्सा प्रभारी डॉ. वी.के. जोशी, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष यश यादव, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू शर्मा, संभाग चिकित्सा प्रभारी तरुण शर्मा, नगर उपाध्यक्ष आयुष भंसाली एवं श्री हंसराज सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कुछ तो लोग कहेंगे, एक संगीतमय श्रद्धांजलि किशोर दा को 4 अगस्त को होगी

उज्जैन। हिंदी सिनेमा के महान पार्श्वगायक, अद्भुत अभिनेता और बहुआयामी प्रतिभा के धनी किशोर कुमार की जयंती के अवसर पर एक विशेष संगीत संध्या ÷कुछ तो लोग कहेंगे÷ का आयोजन किशोर दा फेंस क्लब उज्जैन द्वारा 4 अगस्त को शाम 7:30 बजे पंडित सूर्य नारायण संकुल कालिदास अकादमी में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संगीत की स्वर्णिम विरासत से जोड़ना है। यह संध्या न केवल एक संगीतमय यात्रा होगी, बल्कि किशोर दा को भावभीनी श्रद्धांजलि भी होगी। कार्यक्रम में स्थानीय और आमंत्रित कलाकार किशोर दा के अमर गीतों की प्रस्तुति देंगे, जिनमें उनकी हास्य से भरपूर शैली, गहन भावनात्मक गीत और रोमांटिक धुनों की विविधता सुनने को मिलेगी।

# लायंस क्लब उज्जैन अशोक को मिला थ्री स्टार अवार्ड



लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 के 9वे कैबिनेट संस्थापन समारोह में 138 क्लबों के बीच मिला अवार्ड

उज्जैन। लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 के 9वे कैबिनेट संस्थापन समारोह में लायंस क्लब उज्जैन अशोक को थ्री स्टार अवार्ड प्राप्त हुआ।

लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 के वर्ष 2025-2026 हेतु रिद्धिमा नवम कैबिनेट संस्थापन समारोह का आयोजन उज्जैन में हुआ। जिसमें मध्यप्रदेश के 12 राजस्व जिलों के 138 क्लब के 700 से ज़्यादा प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिनमे लायंस क्लब उज्जैन अशोक को सदस्यता वृद्धि, न्यू क्लब एक्सटेंशन के साथ एमजेएफ सदस्यता हेतु मुख्य अथिति नेपाल से पधारे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन संजय खेतान व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ ने तीनो पैरामिटर पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु क्लब अध्यक्ष लायन चिराग शाह को थ्री स्टार अवार्ड से सम्मानित किया। उक्त उपलब्धि पर क्लब के सदस्य लखनलाल गुप्ता, श्रीकांत वैशम्पायन, गिरीश जायसवाल, ऋषि अरोड़ा, जगदीश अखंड, सुभाष दुबे, संजीव गडकरी, पीएल टटवाल, दिग्विजय सिह, हरि सोलंकी, संजय आचार्य, दीपक शाह आदि ने हर्ष जताया है।

# पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि पर हुई संगीत संध्या

## 6 वर्षीय पार्थ द्वारा गाये जरा सामने तो आ ओ छलिए, गीत पर बजी तालियां



उज्जैन। ऑनेस्टी म्यूज़िकल एकेडमी द्वारा मशहूर पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि के अवसर पर कालिदास अकादमी संकुल हॉल में संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

संस्थापक हरपाल सिंह चावला ने बताया कि श्री सुशीलजी गिरिया को समर्पित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलावती यादव निगम सभापति, डॉ. सतविंदर कौर सलूजा वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक, पिलकेंद्र अरोरा प्रसिद्ध व्यंग्यकार, यू.एस.छाबड़ा अध्यक्ष सिटी ट्रेड कौंसिल एवं डायरेक्टर उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट सोसाइटी, भवदीपसिंह चूड़ास्मा फाउंडर डायरेक्टर शगुन ग्रुप धोलेरा, चंचल मालवीय शगुन ग्रुप इंदौर ब्रांच, मुकेश रांका अध्यक्ष ओसवाल जैन समाज उज्जैन, एस एस नारंग प्रसिद्ध समाजसेवी, चरणजीत सिंह कालरा अध्यक्ष गुरुद्वारा सुखसागर फ्रीगंज उज्जैन, आयुष गिरिया फाउंडर डायरेक्टर एसएम ग्रुप, दानिश खान वरिष्ठ इंजीनियरिंग आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एकेडमी के प्रमुख सिंगर अंशिता कानूनगो, वर्षा वर्मा, ऊषा भावसार, करुणा भावसार, पूनम नामदेव, अनामिका शुक्ला, अनिल भावसार, राजेश पलोड़, ललित भावसार, पार्थ दुबे, प्रकाश वर्मा, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, वेदांत उपाध्याय, अरशद मीर, डॉ कमलेश सोनी आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे उन्होंने ग्रुप के प्रमुख हरपाल सिंह चावला एवं सभी सिंगर्स को प्रोग्राम के लिए शुभकामनाएं दी। 6 वर्षीय पार्थ दुबे ने रफ़ी साहब के ÷जरा सामने तो आ ओ छलिए÷ गीत गाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संस्था की ओर से पुरस्कार स्वरूप पार्थ दुबे को म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया। कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए प्रकाश वर्मा को बेस्ट मेल सिंगर ऑफ द डे एवं करुणा भावसार को बेस्ट फीमेल सिंगर ऑफ द डे चुना गया एवं उन्हें मोमेंटो एवं नकद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुशील गिरिया की स्मृति में 200 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। आभार संस्थापक अनिल भावसार ने माना।

# एक अच्छे शिक्षक के रूप में डॉ रवि मिश्र छात्रों के बीच सम्माननीय रहे- डॉ कल्पना सिंह



उज्जैन। डॉ रवि मिश्र ने छात्रों को अलग अंदाज़ में पढ़ाया है। वे एक ऐसे शिक्षक के रूप में याद किये जाते रहेंगे जो छात्रों को पढ़ाते भी हैं और उनके व्यक्तित्व को गढ़ने का काम भी करते हैं। उन्होंने छात्रों को यही बताया कि वे अपने गुरुओं का सम्मान करें। ये उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ रवि मिश्र की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह ने व्यक्त किए। इस अवसर पर माधव कॉलेज शिक्षक संघ की ओर से अध्यक्ष डॉ नीरज सारवान, उपाध्यक्ष डॉ सुनील सूर्यवंशी, सचिव डॉ राजश्री शेठ, सह सचिव प्रो शुभ कामना रत्ताले एवं कोषाध्यक्ष डॉ मृदुल चन्द्र शुक्ल ने डॉ रवि मिश्र का सारस्वत सम्मान किया। सभी ने इस अवसर पर अपनी बात कही। डॉ अल्पना उपाध्याय ने रवि मिश्र को एक ऊर्जा से भरा हुआ व्यक्तित्व बताया। डॉ अल्पना दुभाषे ने कहा कि प्रो रवि मिश्र ने सभी छात्रों और प्राध्यापको का स्नेह प्राप्त किया है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com